>

Title : Need to enhance the financial grant provided to Beedi workers for construction of houses.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): हमारे देश में असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों की श्रेणी में एक क्षेत्र बीड़ी मजदूरों का भी आता है। बहुत बड़ी संख्या में बीड़ी मजदूर सारे देश में आजीविका हेतु बीड़ी बनाने का कार्य करते हैं। सरकार ने उनके कल्याण की भी बहुत सारी योजनाएं बनाई हैं किन्तु आज भी बहुत सारे बीड़ी श्रमिकों का पंजीकरण ही नहीं हुआ है तब योजनाओं का लाभ उनको कैसे मिल सकेगा। बीड़ी मजदूर आवास योजना में 40,000 रूपया अनुदान श्रम विभाग द्वारा दिया जाता है। इस मंहगाई के युग में यह राशि बहुत कम है। अतः आवास योजना की राशि को 40,000 रूपयों से बढ़ाकर एक लाख रूपया कर देना चाहिए अथवा विभाग को स्वयं पहल कर मकान बनाकर देना चाहिए।